934. उदयपुर के राजमहल में चितेरों की ओवरी की स्थापना किसने की
(a) महाराणा उदयसिंह (b) महाराणा अमरसिंह
(c) महाराणा जगतसिंह (d) महाराणा जयसिंह
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : उदयपुर के राजमहल में ''चिंतेरो की ओवरी'' की स्थापना ''महाराणा जगत सिंह'' द्वारा की गई थी। यह राजमहल पिछोला झील के तट पर स्थित है।

935. राजस्थान में कहाँ अकबर का किला स्थित है?
(a) आमेर (b) नागौर
(c) शाहबाद (d) अजमेर
RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : अजमेर नगर की स्थापना 12वीं शताब्दी में चौहान शासक अजयदेव ने की थी। यहाँ के मुख्य स्मारकों में प्रमुख है अकबरी किला (1570 ई.) जो अकबर द्वारा बनवाया गया था। इसके अतिरिक्त कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा निर्मित 'ढाई दिन का झोपड़ा' अजयराज द्वारा निर्मित 'तारागढ़ दुर्ग' प्रमुख है।

936. जैसलमेर का किला किस नाम से जाना जाता है?
(a) जूनागढ़ (b) धूलगढ़
(c) सोनारगढ़ (d) लालगढ़
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत)-2020
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : जैसलमेर का किला 'सोनारगढ़' के नाम से भी जाना जाता है। पीले बलुआ पत्थर से निर्मित यह किला सूर्यास्त के समय सोने की तरह चमकता है। इस किले का निर्माण 1156 ई. में भाटी राजपूत शासक रावल जैसल द्वारा त्रिकुटा पहाड़ी पर निर्मित करवाया था। सर्वोत्तम विलास, गजविलास, जवाहर विलास इसी दुर्ग में स्थित है।

937. निम्नलिखित में से किसका निर्माण रावल जैसल भाटी ने करवाया था?
(a) बीकानेर का किला (b) भटनेर का किला
(c) सोनार किला (d) रणथम्भौर
मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

938. सर्वोत्तम विलास, गज विलास, जवाहर विलास निम्नलिखित में से किस दुर्ग में स्थित हैं?
(a) बाला किला (b) जालौर दुर्ग
(c) मेहरानगढ़ दुर्ग (d) सोनारगढ़ दुर्ग
Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

939. निम्नलिखित में से किस जिले में भीमलाट विजय स्तंभ स्थित है?
(a) भीलवाड़ा (b) भरतपुर
(c) बूंदी (d) बीकानेर
Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (b) : भीमलाट विजय स्तम्भ बयाना (भरतपुर जिले) में स्थित है। भीमलाट विजय स्तम्भ का निर्माण जाट शासक महाराजा विष्णुवर्धन ने हुण शासक मिहिरकुल को हराने के उपलक्ष्य में बनवाया था।

940. राजस्थान के किस गढ़ को धाराधारगढ़ के नाम से भी जाना जाता है?
(a) भटनेर का किला (b) गागरोन का किला
(c) रणथम्भौर का किला (d) चौमुहागढ़
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (d) : राजस्थान के चौमुहागढ़ को धाराधारगढ़ और रघुनाथगढ़ के नाम से भी जानते हैं।

941. हवामहल की पहली मंजिल का नाम क्या है?
(a) रत्न मंदिर (b) प्रकाश मंदिर
(c) हवा मंदिर (d) प्रताप मंदिर
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (d) : हवामहल पाँच मंजिली इमारत है जिसका निर्माण महाराजा सवाई प्रतापसिंह ने सन् 1799 ई. में करवाया था। हवामहल की पहली मंजिल का नाम प्रताप या शरद मंदिर, दूसरी मंजिल का नाम रत्न मंदिर, तीसरी मंजिल का नाम विचित्र मंदिर, चौथी मंजिल का नाम सूर्य या प्रकाश मंदिर तथा पाँचवी मंजिल का नाम हवा मंदिर है।

942. बूंदी के तारागढ़ किले का निर्माण .... द्वारा किया गया था।
(a) राव राजा बैर सिंह (b) राव राजा अजय सिंह
(c) राव राजा विष्णु सिंह (d) इनमें से कोई नहीं
Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (a) : राजस्थान राज्य के बूंदी में स्थित तारागढ़ किले का निर्माण 1354 ई. में राव राजा बैर सिंह द्वारा करवाया गया था। किले के पास ही एक बड़ा जलाशय है जिससे ऊर्जा किले में पानी की आपूर्ति की जाती थी। वर्तमान में यह किला एक प्रमुख पर्यटक स्थल है।

943. निम्नलिखित में से किस दुर्ग को 'राजस्थान का वेल्लोर' कहते हैं?
(a) रणथम्भौर (b) सिवाना
(c) भैंसरोडगढ़ (d) कुम्भलगढ़
कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (c) : रावतभाटा का भैंसरोडगढ़ किला 'राजस्थान के वेल्लोर' के नाम से प्रसिद्ध है। 1741 ई. में बना यह किला चंबल और ब्राह्मणी नदी के किनारे अवस्थित है। यह पहाड़ी किला नही है।

944. कौन सा एक प्रकार का पहाड़ी किला नहीं है?
(a) मेहरानगढ़ किला (b) भैंसरोड़गढ़ किला
(c) तारागढ़ किला (d) जालौर का किला
RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

945. जूनागढ़ दुर्ग कहाँ स्थित है?
(a) जयपुर में (b) जोधपुर में
(c) उदयपुर में (d) बीकानेर में
पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – जूनागढ़ दुर्ग, राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित है। जूनागढ़ दुर्ग, धान्वन दुर्ग व भूमि दुर्ग की श्रेणी में आता है। इस दुर्ग को जमीन का जेवर नाम से भी जाना जाता है। इस दुर्ग का निर्माण राजा राय सिंह ने करवाया था। इस किले में फूल महल-करन महल एवं चन्द्र महल दर्शनीय है।

946. बीकानेर के जूनागढ़ किले का निर्माण किसने करवाया?
(a) राव बीका (b) राव कल्याणमल
(c) महाराजा रायसिंह (d) राव जैतसिंह
Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।